पंजीयन क्र. - 908

# छ.ग.कसौंधन वैश्य गुप्ता समाज

रायपुर (छ.ग.)

www.cgkasaundhan.com

देवेन्द्र गुप्ता
अध्यक्ष
मो. 9755854120

राजकुमार गुप्ता
संरक्षक
मो. 9826539136

रामेश्वर गुप्ता
महासचिव
मो. 9981713686

भूपेन्द्र गुप्ता
कोषाध्यक्ष
मो. 9826845175

★

रामकुमार गुप्ता
प्रचार सचिव
मो. 799914272

★

महेन्द्र गुप्ता
प्रवक्ता
मो. 9893000946

★

पवन गुप्ता
उपाध्यक्ष - जोन क्र. 1
मो. 7746932221

★

विरेन्द्र गुप्ता
उपाध्यक्ष - जोन क्र. 2
मो. 7987310507

★

डॉ. अविनाश गुप्ता
उपाध्यक्ष - जोन क्र. 3
मो. 9826189701

★

रामाधार गुप्ता
उपाध्यक्ष - जोन क्र. 4
मो. 9981946203

क्र. दिनांक : 27.12.2022

।। श्री गणेशाय नमः।।

प्रति,

श्रीमान् ..........................................................................................

मुख्य संरक्षक / कोषाध्यक्ष / प्रचार सचिव / प्रवक्ता /

जोन - संरक्षक / उपाध्यक्ष / सचिव / अध्यक्ष (गढ़/पार) /

कार्यकारिणी सदस्य / महिला प्रतिनिधि / इकाई अध्यक्ष,

छ.ग.कसौंधन वैश्य गुप्ता समाज छत्तीसगढ़

विषय : प्रदेश संगठन की सप्तम महाधिवेशन कार्यवाही का संक्षिप्त प्रतिवेदन ।

महोदय,

सादर अभिवादन ।

छत्तीसगढ़ कसौंधन वैश्य गुप्ता समाज के माननीय अध्यक्ष श्री राजकुमार गुप्ता जी के निर्देशानुसार प्रदेश संगठन के सप्तम अधिवेशन का गरिमामयी कार्यक्रम जोन क्रमांक-4 के अंतर्गत ग्राम पंडरिया के कसौंधन सामाजिक भवन में दिनांक 11 दिसंबर 2022, दिन-रविवार को संपन्न हुआ। जिसका कार्यवाही विवरण सादर प्रस्तुत है।

- **महर्षि कश्यप ऋषि की भव्य शोभायात्रा :-**

सर्वप्रथम प्रदेश के सभी जोनों से पधारे स्वजातीय बंधुओं, माताओं एवं नवयुवक-युवतियों के भारी संख्या में उपस्थिति के साथ जोन क्रमांक-4 एवं प्रदेश संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों की अगुवाई में महर्षि कश्यप ऋषि की झांकी, भजन-कीर्तन, बाजे-गाजे एवं ध्वज, पटाखों के साथ भव्य शोभायात्रा कसौंधन सामाजिक भवन से निकाली गई, जो पंडरिया नगर के मुख्य मार्गों से भ्रमण करते हुए वापस सामाजिक भवन में संपन्न हुआ। शोभायात्रा का नगर में विभिन्न स्थानों पर ब्राम्हण समाज, नगर पंचायत पंडरिया, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पंडरिया एवं व्यापारी संघ पंडरिया के प्रतिनिधियों के द्वारा भव्य स्वागत-अभिनंदन किया गया।

भोजन के पश्चात् प्रथम सत्र का शुभारंभ महर्षि कश्यप ऋषि की पूजा अर्चना एवं महाआरती से किया गया, जिसमें प्रदेश संगठन के सभी वर्तमान एवं पूर्व पदाधिकारी, महिला संगठन के प्रतिनिधि शामिल हुए। मंच में प्रदेश संगठन के षष्ठम अधिवेशन के पदाधिकारी जोन क्रमांक-4 के वरिष्टजनों एवं प्रदेश महिला प्रतिनिधियों को मंचस्थ कराया गया। फूल-माला एवं गुलदस्ते से स्वागत पश्चात् स्वागत भाषण श्री रमेश गुप्ता पंडरिया इकाई अध्यक्ष तथा महिला संगठन पंडरिया के द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। प्रदेश संगठन षष्ठम अधिवेशन का प्रतिवेदन महासचिव श्री देवेन्द्र गुप्ता जी के द्वारा अपने पूर्वजों तथा प्रदेश संगठन के पूर्व वरिश्ठ पदाधिकारियों को नमन् करते हुए तीन वर्षीय कार्यकाल के अंतर्गत संगठन के विभिन्न गतिविधियों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया गया। कोषाध्यक्ष श्री राजकुमार गुप्ता (रतनपुर) द्वारा तीन वर्ष के आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया। प्रचार सचिव श्री भूपेंद्र गुप्ता जी ने समाज के प्रादेशिक महाकुंभ को ऐतिहासिक कार्यक्रम बताते हुए इसे समाज में नई चेतना का संचार निरूपित किया। प्रदेश प्रवक्ता श्री अनंतराम गुप्ता जी ने युवक युवती परिचय सम्मेलन को समाज के लिए आवश्यक कार्य बताते हुए महिलाओं की उपस्थिति एवं उत्साह को समाज के लिए शुभ संकेत कहा। महिलाओं को अपने प्रतिभा एवं कार्यकुशलता

को आय के स्रोत के रूप में समुह कार्य करने के लिए प्रेरित किया। रायपुर में निर्माणाधीन सामाजिक भवन की वर्तमान स्थिति का विवरण देते हुए आर्थिक सहयोग के लिए अपील करते हुए भवन को छात्रावास के रूप में विकसित करने की बात कही। प्रदेश अध्यक्ष श्री राजकुमार गुप्ता जी ने कहा कि कोरोना महामारी के कारण सामाजिक गतिविधियां अवरूद्ध हुई थी, किंतु समस्त प्रदेशवासियों के सहयोग से यथासंभव समाज के विभिन्न जनहित कार्यक्रमों को संचालित करने का प्रयास किया गया। मुख्य संरक्षक श्री बसंत गुप्ता जी ने प्रदेश संगठन को एक वटवृक्ष की तरह पुष्पित पल्लवित करने के लिए समाज के हर महिला/पुरूष एवं नवयुवकों के योगदान को महत्वपूर्ण निरूपित किया।

## "समाज में सहयोग प्रदान करने वाले वरिष्टजनों का सम्मान"

प्रथम सत्र के मंचीय कार्यक्रम में जोन क्रमांक-4 के कवर्धा, पिपरिया, पाण्डातराई, पण्डरिया एवं साजा सिल्हाटी के सम्माननीय वरिष्टजनों को समाज के विकास एवं भवन निर्माण में सहयोग प्रदान करने वाले वरिष्टजनों को समाज के लिए आदर्श एवं प्रेरणा स्त्रोत के रूप में सम्मानित करते हुए अभिनंदन किया गया, जिनका नाम इस प्रकार है :-

कवर्धा से श्री माखनलाल गुप्ता, श्री जगदीश दानी, श्री कृष्ण गुप्ता, श्री महेंद्र गुप्ता, श्रीमती माधुरी गुप्ता। पिपरिया से श्री गणपत गुप्ता, श्री कृष्ण कुमार गुप्ता, श्री मनहरणलाल गुप्ता, श्री विष्णु प्रसाद, श्रीमती रामकुमारी, पांडातराई से श्री गजपाल गुप्ता, श्री कामता गुप्ता, श्री बलराम गुप्ता, श्रीमती सुमन गुप्ता, श्रीमती पुना गुप्ता। पण्डरिया से - श्री मदन गुप्ता, श्री रामेश्वर गुप्ता, श्री लक्ष्मीनाथ गुप्ता, श्री शत्रुहन गुप्ता, श्रीमती मथुरा बाई गुप्ता। सिल्हाटी से श्री छोटेलाल, श्री नथियालाल, श्री मानिकलाल, श्री तुलसी राम, श्री हरीशंकर, श्री कुमार साहेब गोस्वामी एवं श्री देवेंद्र गुप्ता जी तथा अतिविशिश्ट सम्माननीय के रूप में श्री टेकराम गुप्ता, श्री राधेश्याम गुप्ता, श्री श्याम बिहारी, श्री गजानंद एवं श्री शिवप्रसाद गुप्ता जी का सम्मान किया गया। श्री शिवकुमार गुप्ता सकरी द्वारा महर्षि कश्यप ऋषि की प्रतिमा नगर ईकाई पण्डरिया को प्रदान किया गया। पंडरिया महिला मण्डल को श्री महेन्द्र गुप्ता बिलासपुर के द्वारा साउण्ड सिस्टम प्रदान किया गया। इस अवसर पर सामाजिक भवन पण्डरिया में कमरा निर्माण हेतु श्री सतीश गुप्ता (बाबा) के द्वारा 51000/- राशि प्रदान किये जाने पर उनका सम्मान किया गया। जोन क्रमांक 4 से रायपुर भवन के लिए गुप्तदान 21000.00 प्राप्त हुए। कु. अंकिता गुप्ता कवर्धा को पर्वत शिखर में फतह करने के लिए "समाज की बहादुर बेटी" के रूप में सम्मानित किया। जोन क्रमांक-3 महिला मंडल ने भी उन्हें स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया। कार्यक्रम प्रभारी के रूप मे महेन्द्र गुप्ता बिलासपुर को आन लाईन विवाह योग्य युवक युवती परिचय सम्मेलन के सफल संयोजन/आयोजन एवं श्री आनंद गुरूगोस्वामी रायपुर को तकनिकी सहयोग के लिए साल श्रीफल से सम्मानित किया गया।

पंडरिया नगर समाज के कसौंधन बालाओं ने "भारत दर्शन" का बहुत ही आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया, जिसे उपस्थितजन समूह ने खूब सराहा।

षष्ठम अधिवेशन के विभिन्न कार्यक्रमों में सहयोग करने वाले जोन/इकाई के महिला/पुरूष अध्यक्षों को प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। प्रदेश संगठन के समस्त पदाधिकारियों, जोन पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्य एवं महिला प्रतिनिधियों को प्रशस्ति पत्र एवं विदाई स्वरूप स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। प्रदेश के समस्त जोनों से प्राप्त सूची के अनुसार कक्षा दसवीं एवं बारहवीं के प्रतिभावान बच्चों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रथम सत्र का संचालन श्री राजेश गुप्ता, श्री रघुनंदन गुप्ता एवं श्री शिवसहाय गुप्ता के द्वारा किया गया।

प्रथम सत्र के समापन पश्चात प्रदेश अध्यक्ष श्री राजकुमार गुप्ता जी ने षष्ठम कार्यकाल की समाप्ति की घोषणा किया। सर्वसम्मति से श्री महेन्द्र गुप्ता, जिला शिक्षा अधिकारी कवर्धा जोन क्रमांक-4, मुख्य सभापति तथा तीन जोनों से उप सभापति श्री सतीश गुप्ता जी, घुटकु जोन क्रमांक 2, श्री भागवत गुप्ता जी गनियारी जोन क्रमांक-1, श्री अशोक गुप्ता जी रायपुर जोन क्रमांक-3, को सम्मान के साथ मंचस्थ कराया गया। प्रारंभिक औपचारिकता पश्चात् सप्तम महाधिवेशन के कार्यकारिणी चयन प्रक्रिया को आगे बढ़ाते हुए सभापति महोदय द्वारा चारों जोन से क्रमानुसार वांछित पदों की जानकारी दिया गया तथा जोन से अनुमोदित प्रदेश पदाधिकारी, जोन पदाधिकारी, कार्यकारिणी एवं महिला प्रतिनिधियों की सूची आमंत्रित किया। चारों जोन से सूची प्राप्त करने पश्चात् माननीय सभापति महोदय ने सप्तम महाधिवेशन के क्रमशः जोन एवं प्रदेश पदाधिकारियों घोषणा किया जो इस प्रकार है :-

- मुख्य संरक्षक : श्री राजकुमार गुप्ता जोन क्रमांक-3
- प्रदेश अध्यक्ष : श्री देवेन्द्र गुप्ता जोन क्रमांक-4
- महासचिव : श्री रामेश्वर गुप्ता जोन क्रमांक-1
- कोषाध्यक्ष : श्री भूपेन्द्र गुप्ता जोन क्रमांक-2
- प्रचार सचिव : श्री रामकुमार गुप्ता जोन क्रमांक-3
- प्रदेश प्रवक्ता : श्री महेन्द्र गुप्ता जोन क्रमांक-1

क्रमशः..3

**जोन पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी तथा महिला प्रतिनिधि :-**

| | जोन क्र.1 | जोन क्र.2 | जोन क्र.3 | जोन क्र.4 |
|---|---|---|---|---|
| संरक्षक | श्री शिवकुमार गुप्ता | श्री बसंत गुप्ता | श्री अशोक गुप्ता | श्री सतीश दानी |
| उपाध्यक्ष | श्री पवन गुप्ता | श्री विरेन्द्र गुप्ता | डॉ. अविनाश गुप्ता | श्री रामाधार गुप्ता |
| सचिव | श्री राजीव गुप्ता | श्री आनंद गुप्ता | श्री आनंद गुरूगोस्वामी | श्री ओंकार गुप्ता |
| कार्यकारिणी सदस्य | श्री धनेश्वर साहेब<br>श्री श्रीकांत गुप्ता<br>श्री राजकुमार गुप्ता<br>श्री आकाश गुप्ता<br>श्री कमल किशोर गुप्ता<br>श्री संदीप कुमार गुप्ता<br>श्री ब्रजेश कुमार गुप्ता<br>श्री गौरव गुप्ता | श्री अशोक गुप्ता<br>श्री भरतलाल गुप्ता<br>श्री योगेश गुप्ता<br>श्री अमित गुप्ता<br>श्री राजेश गुप्ता<br>श्री योगेश्वर गुप्ता<br>श्री प्रकाश गुप्ता<br>श्री कमल गुप्ता<br>श्री कृष्णलाल गुप्ता<br>श्री बांकेबिहारी गुप्ता | श्री हेमंत गुप्ता<br>श्री अनिल गुप्ता<br>श्री नवीन गुप्ता<br>श्री अजय गुप्ता<br>श्री धनराज गुप्ता<br>श्री सनत गुप्ता<br>श्री प्राणेश गुरूगोस्वामी<br>श्री सुरेश गुप्ता | श्री शिवकुमार गुप्ता<br>श्री संदीप गुप्ता<br>श्री ब्रजेश गुप्ता<br>श्री कमलकांत गुप्ता<br>श्री नरेन्द्र गुप्ता<br>श्री उमेश गुप्ता<br>श्री रविशंकर गुप्ता<br>श्री महेन्द्र गुप्ता<br>श्री गजेन्द्र गुप्ता<br>श्री सतीष गुप्ता |
| महिला प्रतिनिधि | श्रीमती रश्मि रामेश्वर गुप्ता,<br>श्रीमती रजनी गुप्ता<br>श्रीमती ज्योत्सना गुप्ता<br>श्रीमती शारदा गुप्ता,<br>श्रीमती अनामिका गुप्ता<br>श्रीमती सीमा गुप्ता | श्रीमती सुमन गुप्ता<br>श्रीमती समीक्षा गुप्ता<br>श्रीमती बिंदु गुप्ता<br>श्रीमती सीमा गुप्ता<br>श्रीमती मंजू गुप्ता | श्रीमती आरती गुप्ता,<br>श्रीमती दीपशिखा गुप्ता,<br>डॉ. नीता गुरू गोस्वामी<br>श्रीमती मंजू गुप्ता<br>श्रीमती चन्द्रलेखा गुप्ता<br>श्रीमती शीला गुरूगोस्वामी | श्रीमती नम्रता गुप्ता<br>श्रीमती गीतिका गुप्ता<br>श्रीमती कविता गुप्ता<br>श्रीमती ममता गुप्ता<br>श्रीमती डॉ. बैजन्ती गुप्ता |

सप्तम अधिवेशन के कार्यकारिणी सचिव सभी मुख्य पदाधिकारियों को उनके कर्तव्य एवं निष्ठापूर्वक दायित्वों का निर्वहन के लिए शपथ माननीय सभापति श्री महेंद्र गुप्ता ने दिलाया। तत्पश्चात् प्रदेश के नवनियुक्त प्रचार सचिव श्री रामकुमार गुप्ता ने संबोधित करते हुये कहा कि प्रदेश संगठन के गतिविधियों को आगे बढ़ाने के लिये हर संभव प्रयास करने की बात कही। कोषाध्यक्ष श्री भूपेन्द्र गुप्ता जी ने प्रदेश संगठन के कोष में हर संभव वृद्धि करते हुये निष्ठापूर्वक कार्य करने की बात कही। मुख्य संरक्षक षष्ठम अधिवेशन श्री बसंत गुप्ता जी को समाज के विभिन्न पदों पर कर्तव्यों के निर्वहन के लिए "उत्कृष्ट समाज सेवा सम्मान" से सम्मानित करते हुए स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। समस्त नवनियुक्त पदाधिकारियों ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए अपने पद के अनुरूप कर्तव्यों के निर्वहन सभी के सहयोग एवं सुझाव से करने की बात कही। प्रदेश अध्यक्ष श्री देवेन्द्र गुप्ता जी ने अध्यक्षीय उद्‌बोधन में कहा कि वर्तमान परिवेश के अनुरूप महिला शक्ति एवं नवयुवकों को संगठित कर प्रदेश की गतिविधियों को आगे बढ़ाया जाएगा। पूर्व से लंबित जनगणना के कार्य को शीघ्र पूर्ण करने में सभी से सहयोग के लिए आव्हान किया। सप्तम महाधिवेशन के माननीय अध्यक्ष श्री देवेन्द्र गुप्ता जी ने उपस्थित विशाल कसौंधन जन समुह का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कवर्धा जोन 4 द्वारा आयोजित पण्डरिया सप्तम अधिवेशन की सफलता का श्रेय प्रदेश में निवासरत कसौंधन बंधुओ, देवियों एवं विशेष रूप से रतनपुरिहा कसौंधन वैश्य महासभा अध्यक्ष श्री मुरारी लाल गुप्ता जी, प्रदेश संगठन के पूर्व अध्यक्ष श्री रूद्रकुमार गुप्ता जी, जिनके उदार नीति से ही जोन क्र. -1 में एकता स्थापित हुआ है, का विशेष आभार जताया। उन्होने कहा कि मेरे हृदय रूपी आंगन में आप सबका स्वागत है। महासचिव श्री रामेश्वर गुप्ता द्वारा विभिन्न नवीनतम कार्यक्रमों के माध्यम से समाज के विकास को गति प्रदान करने के लिए विश्वास दिलाया गया। द्वितीय सत्र के कार्यक्रम का संचालन महेन्द्र गुप्ता बिलासपुर कार्यक्रम प्रभारी, षष्ठम अधिवेशन तथा आभार प्रदर्शन श्री रमेश गुप्ता पंडरिया के द्वारा किया गया। प्रदेश संगठन के सप्तम अधिवेशन का प्रथम कार्यकारिणी बैठक जोन क्रमांक-1 जनवरी/फरवरी 2023 में प्रस्तावित है।

**मुख्य आकर्षण :-**

- अधिवेशन में पहुंचे समस्त महिला-पुरूष स्वजनों को रोली अक्षत चंदन से मुख्य द्वार पर ही आत्मीय स्वागत किया जा रहा था, जिससे सभी आगंतुक अभिभूत नज़र आए।
- नाश्ता एवं स्वादिष्ट भोजन की उत्तम व्यवस्था से आयोजकों ने सहृदयता एवं उत्कृश्ट मेहमान नवाजी का उत्तम उदाहरण प्रस्तुत किया।
- प्रदेश संगठन के सप्तम अधिवेशन में अब तक पहली बार सुबह के नाश्ता के साथ ही दोपहर एवं रात्रिकालीन भोजन की उत्कृष्ट व्यवस्था की गई थी।
- दोपहर से रात तक लगातार मंच एवं दर्शक दीर्घा में चाय, पानी और बिस्किट की व्यवस्था का उपस्थित कसौंधन जनों ने भरपूर आनंद उठाया।
- शोभायात्रा का नगर में विभिन्न स्थानों पर ब्राम्हण समाज, नगर पंचायत पंडरिया, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पंडरिया, व्यापारी संघ पंडरिया एवं श्री राधेलाल, रवि गुप्ता दानी परिवार की ओर से शोभा यात्रा का भव्य स्वागत-अभिनंदन किया गया।

**सेवा एवं सहयोग की भावना के साथ - सादर प्रेषित।**

(देवेन्द्र गुप्ता)
अध्यक्ष

(रामेश्वर गुप्ता)
महासचिव